झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (विविध) 17/2022 -678

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 16.08.2022

विषयः– **मध्याह्न भोजन करने से बच्चों के बीमार पड़ने से संबंधित प्रकाशित समाचार पर कार्रवाई के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण में दिनांक–02.08.2022 को पाकुड़ जिले के पाकुड़िया स्थित डोमनगड़िया मध्य विद्यालय में मध्याह् भोजन खाने से करीब एक दर्जन बच्चे बीमार पड़ने से संबंधित समाचार प्रकाशित हुई है।

अतः उपरोक्त प्रकाशित समाचार पत्र की कतरन की प्रति संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

16/8/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\Anju\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx278

(2)

दैनिक जागरण
दिनांक - 2-08-2022

मध्याह्न भोजन करते ही बीमार पड़े एक दर्जन बच्चे

पाकुड़िया (पाकुड़) : पाकुड़ जिले के पाकुड़िया स्थित डोमनगड़िया मध्य विद्यालय में सोमवार को मध्याह्न भोजन खाते ही करीब एक दर्जन बच्चे बीमार हो गए। बच्चों के बीमार होने की सूचना पर मौके पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों की जांच की और उन्हें आवश्यक दवाएं दीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 100 से अधिक बच्चों की स्वास्थ्य जांच की। (संस)

646
05.08.22